# कार्यालय कलेक्टर
## (महिला एवं बाल विकास विभाग)
संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर, जिला-कांकेर (छ.ग.)
Phone No. :-07868-241289, E-Mail ID :-wcdkanker@gmail.com

महिला एवं बाल विकास विभाग

क्रमांक / 262 / मबावि / मसके / 2026–27 कांकेर, दिनांक 08/05/2026

## / / विज्ञापन / /

**मिशन शक्ति अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (Hub for Empowerment of Women) के संचालन हेतु संविदा स्वीकृत पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन (आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक 22 / 05 / 2026)**

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना "मिशन शक्ति" की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र, हब (DHEW) के तहत् जिले मे आई.टी. असिस्टेंट 01 संविदा पद रिक्त है। आवेदन प्राप्त होने की **अंतिम तिथि दिनांक 22 / 05 / 2026** है। विज्ञापित पद का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र | पदनाम | स्वीकृत पदों की संख्या | | वेतन मैट्रिक्स लेवल | निर्धारित एकमुश्त / संविदा मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | योग | | |
| 1 | आई.टी. असिस्टेंट | 01 | 01 | 7 | 20900 |

**टीप :– (निर्धारित प्रारूप में भरे हुये आवेदन पत्र केवल रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट / कुरियर के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे )**

**चयन हेतु आवश्यक शर्ते :–**

**A- आयु सीमा एवं अन्य शर्ते :–**

1. आई.टी. असिस्टेंट पद हेतु अभ्यर्थी की आयु 01.01.2026 को 21 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक न हो। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी को आयु सीमा में छूट के संबंध मे राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप छूट की पात्रता होगी किन्तु **सभी छूटो को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी।**
2. आयु का सत्यापन जन्म प्रमाण–पत्र या कक्षा 10 वीं की अंक सूची, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, के आधार पर किया जावेगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।
3. आई.टी. असिस्टेंट पद हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य नहीं है, किंतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों के आवेदन करने पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। इस हेतु मेरिट निर्धारण में अंकीय प्रणाली में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को 02 बोनस अंक दिया जाएगा।
4. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा / होगी। चयन होने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी को रू. 50 / – के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति / पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा / होगी।

6 आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत किया जावे। आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची व अन्य दस्तावेज राजपत्रित अधिकारी/स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ संलग्न वांछित अभिलेख के अतिरिक्त कोई भी अन्य अभिलेख स्वीकार नही किए जायेंगे।

7 अनुभव के संबंध मे अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी पूर्णकालिक कार्यानुभव प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। **आवश्यकता पडने पर संबंधित आवेदक के अनुभव के सत्यापन के संबंध में संबंधित का वेतन पत्रक भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

8 आवेदक द्वारा आवेदन में दिए गए अनुभव को मान्य करने के संबंध मे नियुक्ति अधिकारी (जिला कलेक्टर) का निर्णय ही अंतिम होगा।

9 **किसी भी प्रकार का स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण पत्र अनुभव के रूप मे मान्य नहीं किया जावेगा।**

10 शासकीय/अर्द्वशासकीय/गैर सरकारी संगठन/संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र के साथ नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

11 अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध मे उम्मीदवारों को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे।

12 **आवेदन पत्र के साथ आवेदित पद से संबंधित सभी अभिलेखों (शैक्षणिक योग्यता, आयु, निवास, अनुभव, आदि) को संलग्न करने की संपूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात चयन प्रकिया के किसी भी चरण में किसी भी प्रकार का नवीन दस्तावेज स्वीकार नही किया जायेगा।**

13 निर्धारित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार कृपया आवेदन ना करें।

14 **लिफाफे के उपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम व वर्ग जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।**

15 लिफाफे के उपर व आवेदन पत्र में प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पूर्ण पता (ई–मेल एड्रेस एवं मोबाईल नंबर सहित) आवश्यक रूप से अंकित होना चाहिए।

16 आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले तथा विज्ञापित पद के लिये निर्धारित अर्हता एवं शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेंजे।

17 चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।

18 **ऐसे अभ्यर्थी जिनको पूर्व में किसी भी शासकीय विभाग द्वारा पद्च्युत किया गया है अथवा संविदा अवधि में वृध्दि नही की गयी है, ऐसे अभ्यर्थी उक्त चयन हेतु अपात्र होंगे।**

**B – चयन हेतु आर्हताएं, मापदण्ड एवं अन्य शर्ते :–**

भारत शासन द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत दिए गए मार्गदर्शी निर्देश मे चयन हेतु अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव एवं वांछित अतिरिक्त योग्यता एवं अन्य शर्तो का निर्धारण किया गया है :–

**जिला स्तरीय (DHEW) हेतु शैक्षणिक अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव :–**

| क. | पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आई.टी. असिस्टेंट | कम्प्यूटर/आई.टी.क्षेत्र में स्नातक उपाधि। | कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान एवं एम.एस ऑफिस एवं कम्प्यूटर टाईपिंग मे कार्य करने की क्षमता | डाटा प्रबंधन/प्रोसेस डॉक्यूमेंटेशन, वेब आधारित एवं वेबबेस्ड रिपोर्टिंग फार्मेट में कार्य करने का शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कम से कम 03 वर्षो का अनुभव। |

C- आवेदनों के मूल्यांकन हेतु अंकीय प्रणाली में निम्नानुसार अंक रखे जायेंगे –

1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए अधिकतम 60 अंक।
2. न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 02 अंक दिये जायेंगे, अधिकतम 18 अंक।
3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी आवेदकों को 02 बोनस अंक दिए जाएंगे।
4. उपरोक्त तीनों बिंदुओं के आधार पर कुल 80 अंक के आधार पर मैरिट तैयार की जाएगी। कौशल परीक्षा एवं इन्टरव्यूव 10–10 अंको सहित कुल 20 अंक निर्धारित रहेंगे।
5. **अभ्यर्थियों के चयन मेरिट सूची मे समान अंक होने की दशा मे उम्र मे वरिष्ठता के आधार पर चयन में वरीयता दी जावेगी।**
6. इन कर्मियों को अवकाश सुविधा राज्य में प्रचलित छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 यथा संशोधित मे संविदा कर्मियों को देय सुविधा के अनुसार दी जावेगी। विशेष परिस्थितियों में आवश्यकता होने पर कही यात्रा में भेजे जाने पर अथवा प्रशिक्षण पर भेजे जाने की दशा में यथोचित स्वीकृति के उपरांत समकक्ष पद के अनुरूप यात्रा भत्ता देय होगा।

**D- नियुक्ति की अवधिः–**

1. इस पद पर प्रथम बार में संविदा/एकमुश्त वेतन पर अधिकतम 01 वर्ष की अवधि हेतु योग्य अभ्यर्थियों का चयन/नियुक्त किया जाएगा। तद्पश्चात् संविदा पर नियुक्त कर्मचारी की कार्यक्षमता, व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता तथा नियंत्रणकर्ता अधिकारी की अनुशंसा के आधार पर उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा/सेवा अवधि प्रत्येक बार 1 वर्ष के लिए बढाने हेतु जिला कलेक्टर द्वारा निर्णय लिया जा सकेगा। **अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि समाप्ति पर यह नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जाएगी।**
2. **संविदा अवधि में संविदा कर्मचारी का कार्य/व्यवहार असंतोषप्रद पाये जाने पर संविदा अवधि कभी भी समाप्त की जा सकेगी।**
3. **चयनित अभ्यर्थी को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा कि यदि उनके द्वारा नियुक्ति होने के उपरान्त एक वर्ष के बीच में यदि पद से त्याग पत्र दिया जाता है तो उनके द्वारा 03 माह का वेतन जमा करना होगा। 1 वर्ष की अवधि समाप्त होने के पश्चात चयनित अभ्यर्थी 1 माह के नोटिस अथवा 1 माह का वेतन जमा कर त्यागपत्र दे सकते है।**
4. विज्ञापन एवं संविदा नियुक्ति आदेश की सेवा शर्ते स्वीकार होने से संबंधित शपथ पत्र 50 रू0 (अक्षरी–पचास रूपये) के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर में प्रस्तुत करना होगा।
5. इस पद की अवधि भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि तक ही सीमित होगी एवं तदोपरांत पद समाप्त कर दिये जायेंगे। पद समाप्ति के उपरांत इस पद पर कार्यरत कर्मियों की विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
6. **इस संबंध में राज्य शासन/कलेक्टर/जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का पालन हेतु बाध्यकारी होंगे।**
7. आवेदन पत्र दिनांक 22.05.2026 तक कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग, कक्ष क. 09 जिला उ0ब0 कांकेर (छ.ग.) मे प्राप्त हो जाना चाहिए।
8. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा।
9. **केवल रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट/कुरियर के माध्यम से प्रेषित आवेदन ही स्वीकार किये जावेंगे।**

**संलग्न :– आवेदन पत्र का प्रारूप।**

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**(विपिन जैन)**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला – उ0ब0 कांकेर (छ.ग.)

# मिशन शक्ति अंतर्गत आई.टी. असिस्टेंट पद हेतु आवेदन का प्रारूप

| स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें |
|---|

प्रति,

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला– कांकेर (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :–........................................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–........................................................................
(अंग्रेजी में) :–........................................................................

3. पिता/पति का नाम :–........................................................................

4. स्थायी पता :–........................................................................
..............................................................................

5. (पत्र व्यवहार का पता) :–........................................................................
..............................................................................
दूरभाष/मोबाईल.......................................................
ई–मेल आईडी.........................................................

6. जन्मतिथि (अंकों में) :–........................................................................
(शब्दों में) :–........................................................................

7. दिनांक 01.01.2026 को आयु :–........................................................................

8. लिंग :–........................................................................

9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति...............................वर्ग.........................

10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :–..........................................
(यदि हो तो प्रमाण पत्र संलग्न करे)

11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्तता :–........................................................................

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि.................एवं जीवित बच्चों की संख्या :–...........

13. शैक्षणिक योग्यता :–**(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)**

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि./ संस्था का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :–.............................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–.............................................................................

| संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण | | वेतन | पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण/प्रमाण पत्र देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची :–

1. जन्म तिथि हेतु 10 वीं की अंकसूची/जन्म प्रमाण पत्र।
2. 12 वीं की अंकसूची।
3. स्नातक की अंकसूची।
4. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र(केवल छ0ग0 के मूल निवासी)।
5. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र।

17. अन्य संलग्नकों का विवरण :–

1. ......................................................
2. ......................................................
3. ......................................................
4. ......................................................
5. ......................................................

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**आवेदक का नाम..............................**

## <u>घोषणा–पत्र</u>

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैने पद से संबंधित विज्ञापन की समस्त शर्तो का भलीभांति अध्ययन कर लिया है तथा मै उनसे सहमत हूं। इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी जानकारी के अनुसार सही है और यदि ये गलत पाये जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकेगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**स्थान :–................................**
**दिनांक :–..............................**